बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
वेबसाइटः- bsbccl.bihar.gov.in
BSBCCL BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.
(A Government of Bihar Undertaking)
Website:- bsbccl.bihar.gov.in
Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

पत्रांकः–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–393 / 2021 (प्रशासन) दिनांक–

**कार्यालय आदेश संख्या–10 / 2025**

भवन निर्माण विभाग, पटना के आदेश संख्या–83–सह–पठित–ज्ञापांक–2426 (भ), दिनांक–11.03.2025 द्वारा कुल–20 नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक) की सेवा प्रतिनियुक्ति के आधार पर बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना में उपलब्ध करायी गयी है। उक्त आदेश के आलोक में कनीय अभियंताओं को उनके नाम के सामने दिये गये स्तम्भ–IV में अंकित पद पर अगले आदेश तक कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है–

| क्र0 सं0 | नाम, पदनाम एवं गृह जिला | वर्त्तमान पदस्थापन | पदस्थापित जिला / कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| I | II | III | IV |
| 1 | कुमारी अर्चना विद्यार्थी, कनीय अभियंता (असैनिक) / (जहानाबाद) | भवन निर्माण विभाग, पटना से प्रतिनियुक्ति के उपरान्त बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 में पदस्थापन की प्रतिक्षा में | महाप्रबंधक (परियोजना) का कार्यालय निगम मुख्यालय, पटना |
| 2 | रिंकु पंडित कनीय अभियंता (असैनिक) / (बेगूसराय) | भवन निर्माण विभाग, पटना से प्रतिनियुक्ति बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना | महाप्रबंधक (उत्तर) का कार्यालय निगम मुख्यालय, पटना |

2. श्रीमती प्रिया कुमारी, कनीय अभियंता (असैनिक) के मातृत्व अवकाश की अवधि समाप्ति के उपरान्त निगम में योगदान करने की स्थिति में पदस्थापन की प्रतिक्षा में रहेगी।

3. निगम मुख्यालय के नियंत्री पदाधिकारी को निदेश है कि भवन निर्माण विभाग, पटना से प्रतिनियुक्त कनीय अभियंताओं का योगदान उपरान्त इसकी सूचना निगम मुख्यालय के साथ–साथ उनके मूल पदस्थापन कार्यालय को भी देना सुनिश्चित करेंगे।

4. वर्णित सभी कनीय अभियंताओं को निदेश दिया जाता है कि निगम द्वारा अधिसूचित पद का प्रभार 03 (तीन) दिनों के अन्दर नियंत्री पदाधिकारी के समक्ष देना सुनिश्चित करेंगे।

5 भवन निर्माण विभाग, पटना द्वारा प्रतिनियुक्त सभी कनीय अभियंताओं का सेवा से संबंधित विभिन्न अभिलेखों का संधारण इत्यादि उनके मूल पदस्थापन कार्यालय से किया जाएगा।

6. भवन निर्माण विभाग, पटना से प्रतिनियुक्त सभी कनीय अभियंता (असैनिक) का वेतनादि का भुगतान निगम द्वारा पदस्थापित कार्यालय के नियंत्री पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये अनुपस्थिति प्रतिवेदन के आधार पर उनके मूल पदस्थापन कार्यालयों से किया जाएगा।

इस पर प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
महाप्रबंधक (प्रशासन)

ज्ञापांकः– 1648 पटना / दिनांकः– 11/04/25

प्रतिलिपिः–मुख्य महाप्रबंधक / मुख्य निगरानी पदाधिकारी / सभी महाप्रबंधक / वरीय वास्तुविद् / सभी क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक / उप महाप्रबंधक (विद्युत) / कम्पनी सचिव / आई0टी0 मैनेजर एवं वर्णित सभी कनीय अभियंता (असैनिक), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

आई0टी0 मैनेजर को निदेश है कि सभी संबंधितो के साथ भवन निर्माण विभाग, पटना से प्रतिनियुक्त सभी कनीय अभियंताओं के मूल पदस्थापन कार्यालयों के नियत्री पदाधिकारी के आधिकारिक ई–मेल आई0डी0 पर आदेश की प्रति भेजना सुनिश्चित करेंगे।

11/4/25
महाप्रबंधक (प्रशासन)